GOVERNMENT OF HARYANA / हरियाणा सरकार
# Directorate School Education
# विद्यालय शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

Off.: Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana 134109 (India) - Tel: 91(0172)-2560246 Fax: 91(0172)-2560253
कार्यालयः शिक्षा सदन, सैक्टर 5 पंचकुला–134109 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2560246 फैक्सः 91 (0172) 2560253
e-mail: edusecondaryhry@gmail.com - site: www.schooleducationharyana.gov.in

सेवा में,

राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारी,
जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी,
उप जिला शिक्षा अधिकारी,
खण्ड शिक्षा अधिकारी,
खण्ड मौलिक शिक्षा अधिकारी।
स्कूल मुखिया/प्रभारी (राजकीय विद्यालय)
यादी क्रमाँकः– 1/29-2016 ACD (4)
दिनाँकः– 16.08.2017

विषयः– राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में Quiz Club की स्थापना बारे।

उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में विभाग के पत्र क्रमाँक 1/29-2016 ACD (4) दिनाँक 17.04.2017 की निरन्तरता में उल्लेखनीय है कि विद्यालयों में प्रदान की जा रही शिक्षा को अधिक रूचिकर, बाल केन्द्रित और गतिविधि आधारित बनाने के लिए विद्यालयों में Quiz Club की स्थापना की जा रही है जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान को न जाँचकर कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित करना, पाठ्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों में रूचि जागृत करना, विद्यार्थियों को नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा की तरफ आकर्षित करना है ताकि परीक्षा उतीर्ण करने के उद्देश्य के साथ–साथ ज्ञानवर्धन के लिए अध्ययन हेतु प्रेरित किया जा सके। अध्यापकों द्वारा Quiz Club के माध्यम से विद्यार्थियों को Joyful Saturday को ज्ञानवर्धन और रचनात्मक गतिविधि उपलब्ध करवाते हुए उनकी तार्किक एवं विश्लेषणात्मक शक्ति को विस्तार देना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है ताकि आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को आधार प्रदान किया जा सके।

**Quiz Club की स्थापना के लिए आवश्यक दिशा–निर्देशः–**

1. सभी राजकीय विद्यालयों में क्विज क्लब की स्थापना की जानी है, प्रत्येक विद्यालय से कम से कम एक अध्यापक, विद्यालय क्विज़ क्लब का in-charge रहेगा जो विद्यालय स्तर के क्विज़ आयोजनों में अहम् भूमिका निभाएगा। इस प्रभारी/अध्यापक का नाम विद्यालय के सूचनापट्ट पर अंकित किया जाना है। Joyful Saturday को उक्त अध्यापक के सहयोग से प्रत्येक कक्षा के संबंधित अध्यापक मिलकर क्विज का संचालन करेंगे। विद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए क्लब की सदस्यता अनिवार्य होगी।

   दूसरी से दसवीं कक्षा की पाठ्य–पुस्तकों पर आधारित प्रश्नों का निर्माण (Question Bank) उपलब्ध है। अध्यापक द्वारा पढ़ाए गए पाठ पर आधारित प्रश्नों पर ही कक्षा स्तरीय Quiz प्रतियोगिता का आयोजन हर शनिवार को आयोजित किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों की प्रगति का रिकार्ड भी रखा जाएगा और समय–समय पर (inter class, inter house) प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा। जो बच्चे कक्षा स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे विभाग की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के पात्र होंगे।
2. सभी राजकीय विद्यालयों में क्विज क्लब का गठन 19 अगस्त 2017 को किया जाएगा।
3. क्विज क्लब का नामाकरण किसी महापुरूष, वैज्ञानिक, खिलाड़ी, साहित्यकार, देशभक्त आदि के नाम पर किया जाए।
4. कक्षा 1 से 5 तक JBT, 6 से 8 तक TGT तथा 9 से 12 तक TGT / PGT को क्विज सचिव नियुक्त किया जाए।
5. क्विज सचिव नियुक्त करने समय विद्यालय के नवाचारी, समर्पित तथा मेहनती अध्यापक को वरीयता दी जाए।
6. विद्यालय प्रभारी भी क्विज सचिव बन सकते हैं।
7. क्विज सचिव के बाद कक्षा क्विज मास्टर की नियुक्ति की जाए।
8. विद्यालय मुखिया सभी क्विज सचिव तथा कक्षा क्विज मास्टर का नाम तथा संपर्क सूत्र सहित विभागों को भिजवाना सुनिश्चित करेंगे।

9. प्रत्येक कक्षा का एक क्विज मास्टर होगा। अगर एक कक्षा में एक से ज्यादा अनुभाग हैं तो प्रत्येक अनुभाग का क्विज मास्टर अलग–अलग होगा।
10. क्विज सचिव अपने रजिस्टर में विद्यालय में होने वाली क्विज़ का रिकॉर्ड रखेगा तथा कक्षा क्विज मास्टर अपनी सम्बन्धित कक्षा के क्विज मास्टर अपने कक्षा क्विज रजिस्टर में प्रति शनिवार होने वाली क्विज़ का रिकॉर्ड रखेंगे।
11. विद्यालय मुखिया सभी स्टाफ सदस्य की सभा करके क्विज क्लब के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे और विद्यालय में क्विज के सफल संचालन को सुनिश्चित करेंगे।
12. विद्यालय मुखिया क्विज संचालन के लिए सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध करवाएंगे।

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आयोजन का कार्यक्रमः–**

(क) पाठ्य पुस्तकों पर आधारित कक्षावार तथा विषयवार Question Bank बनाकर विभागीय वेबसाइट पर विद्यार्थियों और अध्यापकों के लाभार्थ उपलब्ध करवाया गया है।

(ख) राज्य स्तर पर क्विज मास्टर्स का एक पूल प्रशिक्षित किया गया है जो प्रत्येक विद्यालय के एक अध्यापक को क्विज मास्टर का प्रशिक्षण देंगे तथा खण्ड और जिला स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के संचालन में भूमिका निभाएँगे तथा ये प्रशिक्षित अध्यापक अपने खण्ड या जिले के किसी भी विद्यालय में क्विज के आयोजन में आई किसी बाधा को दूर करने में अपना सहयोग देंगे।

(ग) विद्यालय स्तर पर विद्यालय मुखिया, संकुल स्तर पर संकुल संसाधन संयोजक, खण्ड स्तर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी, मण्डल स्तर पर निदेशालय का अधिकारी तथा राज्य स्तर पर निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा (Trained Quiz KRPs के सहयोग से) क्विज आयोजन के लिए जिम्मेदार होंगे।

(घ) संकुल, खण्ड, जिला मंडल तथा राज्य की क्विज के आयोजन की तिथि, समय तथा स्थान निदेशालय स्तर से निर्धारित करके सूचित किया जाएगा।

(ङ) प्रतियोगिता के आयोजन से पूर्व नियमावली भी जारी की जाएगी।

**प्रतियोगिता के स्तरः–** प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के निम्न स्तर होंगे – विद्यालय, क्लस्टर, खण्ड, जिला मण्डल और राज्य स्तर।

**प्रतिभागीः–** प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 5, 6 से 8, 9 से 10 तथा 11 से 12 के विद्यार्थी प्रतिभागी होंगे।

**प्रतियोगिता के दौरान टीम का संगठनः–** एक टीम में चार सदस्य होंगें जिसमें कम से कम एक छात्रा का होना अनिवार्य होगा। टीम के एक अध्यापक भी प्रतिभागी के रूप में शामिल रहेंगे। योग्यता के आधार पर विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को भी टीम में समावेश किया जाए।

**पाठ्यक्रमः–** कक्षा 3 से 5, कक्षा 6 से 8, कक्षा 9 से 10 तथा कक्षा 11 से 12 ( हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन तथा सामान्य ज्ञान एवं खेल)।

**नोटः– विद्यालय मुखिया विद्यालय स्तर पर Joyful Activity Day – Saturday को उपर्युक्त पाठ्यक्रम से संबंधित क्विज का आयोजन सुनिश्चित करेंगे।**

**सहायक निदेशक (शैक्षणिक)**
**कृतेः निदेशक माध्यमिक शिक्षा**
**हरियाणा पंचकूला**
**दिनांक, पंचकूला 16.08.2017**

**पृष्ठांकन क्रमांक समः**

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. वरिष्ठ सचिव, माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव, विद्यालय शिक्षा हरियाणा, चण्डीगढ़।
2. निजी सचिव, माननीय निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
3. निजी सचिव, माननीय निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
4. निजी सचिव, अतिरिक्त निदेशक प्रशासन –। (सैकेण्डरी शिक्षा)।
5. निजी सचिव, अतिरिक्त निदेशक प्रशासन –। (मौलिक शिक्षा)।
6. निजी सहायक संयुक्त निदेशक प्रशासन (सैकेण्डरी)।
7. निदेशक SCERT हरियाणा, गुरुग्राम।

**सहायक निदेशक (शैक्षणिक)**
**कृतेः निदेशक माध्यमिक शिक्षा**
**हरियाणा पंचकूला**